।। कार्यालय पुलिस उप अधीक्षक वृत लालसोट जिला दौसा(राज.)।।

क्रमांकः—ईमेल दिनांकः—02.01.2021

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय,
दौसा जिला दौसा।

विषयः — सम्पर्क पोर्टल परिवाद जांच रिपोर्ट परिवादी श्री ज्ञानेश निवासी प्यारीवास थाना नांगल राजावतान जिला दौसा के संबंध में ।

प्रसंगः— सीएम हैल्पलाईन परिवाद संख्या **12200679144630** दिनांक **22.12.2020** के क्रम में ।

महोदय,

उपरोक्त विषय एवं प्रसंग के सन्दर्भ में निवेदन है कि परिवादी श्री ज्ञानेश निवासी प्यारीवास थाना नांगल राजावतान जिला दौसा का परिवाद सीएम हैल्पलाईन 181 पर इस आशय का प्राप्त हुआ कि ' दिनांक 02/12/2020 को प्रमुख समाचार पत्र दैनिक भास्कर जयपुर संस्करण में प्रकाशित खबर शीर्षक "बारात से लौट रहे 3 पुलिसवालों ने टोल पर कहा- 4 गाड़ियां फ्री निकालो, नहीं माने तो 5 टोलकर्मियों को पीटा, 150 बारातियों ने 3 घंटे की तोड़फोड़" के सम्बन्ध में ।

उक्त परिवाद की जांच की गई तो दौराने जांच पाया गया कि दिनांक 02-12-2020 को श्री जयराज पुत्र श्री महेन्द्रसिंह तोमर जाति राजपूत उम्र 23 साल R/o भिखारीपुरा PS नगरा जिला मुरैना M.P. हाल T.C टिटोली टोल प्लाजा थाना नांगल राजावतान जिला दौसा ने उपस्थित थाना होकर पेश इस आशय की पेश की कि मै प्रार्थी जयराज पुत्र महेन्द्र सिंह तोमर निवासी भिकारीपुरा तहसील पुडसा मध्यप्रदेश का निवासी हूँ एवं वर्तमान में टीटोली टोल प्लाजा पर टी॰सी॰ के पद पर कार्यरत हूँ श्रीमानजी दिनांक 30/11/20 को रात्री समय करीबन 11.50 P.m. बजे मै टोल पर कार्यरत था उसी दौरान दौसा की ओर से एक इयोन कार जिसके नम्बर RJ14XC1306 आई उसमें 4-5 लोग सवार थे उन्होने कहा कि हम राज॰ पुलिस में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी है हमारी गाडी व पीछे से आ रही बारात की बसो जिनके नम्बर RJ27PA1230 व RJ29PA2227 है उनको निकलने देना वो भी फ्री में मुझ प्रार्थी द्वारा उनसे पुलिस विभाग का कार्ड मांगा तो उक्त लोग आग बबूला हो गऐ वो एक दूसरे को सूर्यपकाश, सुमन, महेश व उमेश सूरज के नाम से बोल रहे थे तथा गाडी इयोन में सवार व्यक्ति सूर्यप्रकाश ने कहा कि थाने में फोन करके जानकारी ले लो मेरे पास कार्ड नही है तू क्या मेरा कोई अधिकारी है क्या मैने बिना कार्ड वाहनो को निकालने से मना किया तो वो सीधे गाली गलोच करने लग गऐ व मारपीट करने लग गऐ जिससे बचाव के लिए मैने इमेरजेंसी सायरन बजा दिया सायरन बजते ही टोल पर कार्यरत कर्मचारी प्रशान्त तोमर, मुकेश कुमार पास स्थित केबिन में से बाहर निकल कर आये तो उक्त लोगों ने उनके साथ गाली गलौच व गंभीर प्रवृति की मारपीट कर मेरा व प्रशान्त का हाथ तोड दिया व मुकेश के साथ भी मारपीट की उक्त लोगो ने केबिनो में तोडफोड तथा रीडर मशीन जिसकी कीमत करीबन आठ लाख रुपये थी जिसके लूट कर ले

गऐ तथा दूसरी रीडर मशीन को तोड दिया व प्रार्थी व अन्य की केबिनो से 5 लाख रुपये करीबन 5 लाख रुपये जो कलेक्शन के थे लूट कर ले गऐ रिपोर्ट दर्ज करवाने पर अंजाम भुगतने की धमकी देकर चले गऐ रिपोर्ट दर्ज करवाता हूँ कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करे । आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 244/2020 धारा 147, 148, 323, 341, 382, 427, 506 भादस में दर्ज किया गया । श्रीमान जी उक्त प्रकरण के क्रोस में प्रकरण संख्या 245/2020 धारा 147, 148, 323, 341, 342, 354, 382, 427, 509 भादस व (1)(एस), 3(1)(डब्लु), 3(2)(वीए) एससी/एससी एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान मन वृत्ताधिकारी द्वारा किया जा रहा है । श्रीमान जी प्रकरण संख्या 244/2020 में दौराने अनुसंधान घटनास्थल का नजरी निरीक्षण किया जाकर नक्शा मौका कशीद किया गया। मजरूबान का मेडिकल करवाया जाकर एमएलसी रिपोर्ट प्राप्त की गई। मुस्तगिस जयराज तोमर बयान 161 सीआरपीसी में पृथक से लेखबद्ध करवाये जाकर शामिल पत्रावली किये गये। गवाहान श्री जितेन्द्र कृष्ण तिवाडी, प्रशान्त तोमर, श्री मुकेश सिंह के बयान 161 सीआरपीसी में लेखबद्ध कर शामिल पत्रावली किये गये । प्रकरण संख्या 245/2020 थाना नांगल राजावतान में दौराने अनुसंधान मुस्तगिसा श्रीमति भारती देवी महावर के बयान धारा 161 सीआरपीसी में पृथक से लेखबद्ध करवाये जाकर शामिल पत्रावली किये गये तथा पीडिता के बयानो की विडियोग्राफी करवाई गई। गवाहान श्री राकेश, कुमारी पलक, श्री जगदीश, श्री मनोज कुमार के बयान 161 सीआरपीसी में लेखबद्ध कर शामिल पत्रावली किये गये। घटनास्थल का नजरी निरीक्षण किया जाकर नक्शा मौका कशीद किया गया। मजरूबान का मेडिकल करवाया जाकर एमएलसी व एक्स-रे रिपोर्ट प्राप्त की गई। एक्स-रा रिपोर्ट में चोट आने पर जुर्म धारा 325 भादस का अपराध बनने पर ऐड की गई। श्रीमान जी उक्त प्रकरणों में स्वतन्त्र गवाहान से अनुसंधान कर जैसी सूरत होगी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अतः परिवाद की जांच रिपोर्ट श्रीमान के अवलोकनार्थ सादर प्रेषित है ।

(सतीश कुमार)
अति0 पुलिस अधीक्षक
वृत्ताधिकारी, वृत्त लालसोट जिला दौसा ।